Entramce test for post graduate courses

617. SHRI SHABBIR AHMED SALARIA: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that applications were invited and accepted from the doctors of J&K for entrance test for post graduate courses by the competent authority and the last date for receipt of applications was 25th May, 1992;

(b) whether it is also a fact that the entrance test which was to be held in June, 1992 has been postponed;

(c) if so, what are the reasons therefor; and

(d) the number of applications received from the doctors and by when the test is likely to be held?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SMT. D. K. TH AR A DEVI SIDDHARTHA): (a) to (d) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

सरकारी अस्पतालों में निर्धन लोगों को सुविधाएं

618. **श्री अजीत जोगी :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकारी अस्पतालों में निर्धन लोगों को जीवन-रक्षक और अन्य औषधियां नि:शुल्क दी जाती हैं ;

(ख) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं :

(ग) सरकारी अस्पतालों में निर्धन लोगों को अन्य कौन-कौन सी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं तथा यह सुविधाएं प्रदान करने के लिए क्या मानदंड निर्धारित किए गए हैं ; और

(घ) इस प्रयोजनार्थ इन अस्पतालों के लिए वित्तीय आबंटन में वृद्धि करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारा देवी सिद्धार्थ) : (क) से (घ) केन्द्रीय सरकार के अस्पतालों के सामान्य वार्डों के अंतरंग रोगियों को औषधें/दवाइयां, खुराक और जांच की व्यवस्था नि:शुल्क की जाती है। इसके अतिरिक्त, निर्धन वहिरंग रोगियों को भी कुछ चिकित्सा सुविधाएं नि:शुल्क प्रदान की जाती हैं।

चिकित्सा अधीक्षक/विभागाध्यक्ष कुछ विशिष्ट परीक्षणों के लिए वसूल किये जाने वाले शुल्क के भुगतान से निर्धन और जरूरतमंद रोगी को छूट दे सकते हैं। आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान, रोगी परिचर्या कार्यकलाप के लिए केन्द्र सरकार के अन्तर्गत बड़े अस्पतालों को आबंटित राशि में वृद्धि की गई है।

कुष्ठ रोग का उपचार

619. **श्री अजीत जोगी :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय देश में अनुमानत: कितने कुष्ठ रोगी हैं ;

(ख) पिछले तीन वर्ष के दौरान राज्यवार कितने कुष्ठ रोगियों का उपचार किया गया और उनमें से कितने व्यक्ति रोगमुक्त हो गए ;

(ग) उक्त अवधि के दौरान कितने रोगियों की मृत्यु हो गई ;

(घ) कितने प्रतिशत बच्चे कुष्ठ रोग से ग्रस्त हैं ;

(ङ) वर्ष 1989-90 और 190-1[illegible] 91 के दौरान कुष्ठ रोग न्मूलन के [illegible] र

म के लिए कितनी धन-राशि आबंटित की गई ;

(च) क्या अधिकांश रोगियों को बहु-औषधीय चिकित्सा (मल्टी-ड्रग थिरेपी) का लाभ भी दिया जा रहा है ; और

(छ) इस रोग से ग्रस्त क्षेत्रों में क्या विशेष कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारा देवी सिद्धार्थ) : (क) इस समय देश में लगभग 24 लाख कुष्ठ रोगी हैं ।

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान उपचार के अंतर्गत लाए गए और रोग-मुक्ति के बाद छोड़े गए रोगियों की राज्यवार संख्या अनुपत्र में दी गई है । [देखिए परिशिष्ट 164, अनुपत्र सं० 13]

(ग) कुष्ठ रोग से मरने वाले रोगियों के आंकड़े अलग से तैयार नहीं किए जाते हैं क्योंकि मुश्किल से ही कोई रोगी कुष्ठ रोग से मरता है ।

(घ) 1991-92 के दौरान, 23.7 प्रतिशत कुष्ठ रोगी 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चे थे ।

(ङ) 1989-90 और 1990-91 दौरान राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया वास्तविक खर्च इस प्रकार है :

वर्ष	खर्च
	(लाख रु०)
1989-90	2101.72
1990-91	2306.42

(च) जी हां ।

(छ) 201 जिलों की कुष्ठ रोग के स्थानिकमारी वाले क्षेत्रों के रूप में पहचान की गई है । ऐसे 135 जिलों को नियमित बहु-औषध उपचार (एम० डी० टी०) के तहत पहले ही लाया गया है । शेष 66 जिलों को उपांतरित बहु-औषध उपचार के अधीन लाया गया है ।

आयुर्वेदिक महाविद्यालयों का खोला जाना

620. **श्री अजीत जोगी :**
श्री राजूभाई ए० परमार :

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्वा सरकार वर्ष 1992-93 के दौरान नए आयुर्वेदिक महाविद्यालय खोलने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) मध्य प्रदेश में कितने आयुर्वेदिक महाविद्यालय खोले जाने की संभावना हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारा देवी सिद्धार्थ) : (क) से (ग) केन्द्रीय सरकार का वर्ष 1992-93 के दौरान मध्य प्रदेश सहित किसी भी राज्य में नए आयुर्वेदिक कालेज खोलने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

अधिकारियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार आरोप

621. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उनके मंत्रालय के अधीन कार्यरत उपक्रमों और संगठनों में भ्रष्टाचार की सूचनाएं मिली हैं ;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान कितने अधिकारियों के विरुद्ध